Navbharat

Date: 19 February 10; Page: 5; Edition: Indore



चांरूहास साहम स्क्रीनिंग का डेमो देते हुए.

# स्टेडियम में मैच देखने सा मजा सिनेमाघरों में

इंदौर, 18 फरवरी, आगामी 12 मार्च से शुरू होने वाले डीएलएफ आईपीएल के टी 20 मैचेस् सिनेमाघरों के विशाल परदे पर देखना संभव होने वाला है दर्शकों को सिनेमाघरों में स्टेडियम जैसा मजा आए. इसके लिए पूरी योजना बनाई गई है.

विश्व के सबसे बड़े डिजिटल नेटवर्क यूएफओ मूवीज ने क्रिकेट मैन्चेस् देखने और उसका मजा उठाने के लिए एक नया मंच उपलब्ध किया है. क्रिकेट के मनोंरजन को बढावा देने के लिये अब पूरे भारत के मल्टीप्लेक्स व अन्य सिनेमाघरों में डीएलएफ आईपीएल 2010 के मैचेन्स् विशाल परदे पर हाई डेफीनेशन डिजिटल फार्मेट में बिना कोई व्यावसायिक विज्ञापन के प्रदर्शित होंगे. सिनेमाघरों में क्रिकेट से संबंधित वस्तुओं का लेन-देन, पापकॉन, अन्य नाश्तें एवं टेटू लगवानें जैसे सुविधॉए भी उपलब्ध कराई जाएगी. माहौल को आकर्षक बनाने के लिये चियर लीडर्स व लाइव बैंड की भी योजना बनायी गयी है. संचालन सिनेमा जांकी द्वारा किया जायेगा. आईपीएल के सीधे प्रसारण के लिए इंदौर के चार सिनेमाघरों आयनॉक्स, पीवीआर फेम, सिनेमैक्स को चुना है.

यूएफओं मूवीज इंडिया लि.के सलाहकार चारूहास साहम ने कहा आईपीएल मैचेस् के दौरान कोई भी नई फिल्म रिलीज न होने से प्रदर्शन के लिए मनोरंजन साधन उपलब्ध होने वाला है, जिससे सिनेमाघर व दर्शक समूचित आईपीएल मैचेस् का हाय डेफीनेसन फार्मेट का उच्च क्वालिटी प्रसारण का लाभ उठा सकेंगे. अब आप स्टेडियम आपके पासस आ रहा है.